# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांक एफ 10(02)/पूरक परीक्षा/मदसविवि/2025/27572 दिनांक : 09.10.2025

**विस्तृत विज्ञप्तिः 180**

विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित की जाने वाली निम्नलिखित तालिका में वर्णित परीक्षाओं में जो अभ्यर्थी **पूरक परीक्षा योग्य घोषित हुए हैं**, उनकी **पूरक परीक्षाएं** आयोजित किया जाना अपेक्षित है। पूरक परीक्षा 2025 में सम्मिलित होने के लिए ऑन लाईन आवेदन पत्र विज्ञपित संख्या 169 दिनांक 20.09.2025 के द्वारा भरे जा रहे थे। छात्र हित को ध्यान में रखकर आवेदन पत्र भरने की निम्नानुसार तिथियाँ बढ़ाई जाती हैं। इस बाबत विस्तृत अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.mdsuexam.org पर उपलब्ध रहेगी। इस सम्बन्ध में अन्तिम तिथियॉ निम्न प्रकार हैः–

| क्र. स. | परीक्षा का नाम | शुल्क की राशि(रू.) | परीक्षा शुल्क के बराबर विलम्ब शुल्क सहित |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए. बी.एड./बी.एससी. बी.एड. भाग प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ | **670/–** | **09.10.2025 से 12.10.2025 तक** |
| 2. | बी.पीएड. भाग द्वितीय एवं तृतीय परीक्षाएं | **670/–** | |
| 3. | उपरोक्त वर्णित सभी परीक्षाओं की प्रिन्टेड(हार्ड कॉपी) संबंधित महाविद्यालयों से अग्रेषित करवाकर विश्वविद्यालय में **जमा कराने की अन्तिम तिथि** | –– | **13.10.2025** |

**नोट–**

(1) जो अभ्यर्थी अनिवार्य विषय/विषयों में पार्ट तृतीय की परीक्षा के साथ अनुत्तीर्ण घोषित किए गए है, ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क की राशि रूपये 670/– उपरोक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त जमा करानी होगी।

(2) परीक्षा परिणाम में देरी के कारण जो अभ्यर्थी पूरक परीक्षा योग्य घोषित होते हैं, ऐसे अभ्यर्थी परिणाम घोषित होने के 10 (दस) दिवस में किन्तु परीक्षा आरम्भ होने की तिथि से पूर्व बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। ऐसे अभ्यर्थियों को छपे हुये (pre printed) आवेदन पत्र मैनुअली (ऑफलाईन प्रक्रिया से) विश्वविद्यालय कार्यालय में उपस्थित होकर भरने होंगे।

(3) वर्ष 2025 की पूरक परीक्षा हेतु अग्रलिखित प्रकार के छात्रों को भी परीक्षा में प्रविष्ठ होने की विशेष अनुमति प्रदान की जाती है–ऐसे छात्र जिनका मुख्य परीक्षा 2024 का पुनर्मूल्यांकन का परिणाम मुख्य परीक्षा 2025 के प्रारम्भ होने की दिनांक के पश्चात घोषित हुआ है एवं वे पुनर्मूल्यांकन के परिणामस्वरूप अनुत्तीर्ण से पूरक घोषित हुए, परन्तु वे पूरक प्रश्न पत्र में मुख्य परीक्षा 2025 में प्रविष्ठ नहीं हो पाये, उन्हें भी पूरक परीक्षा 2025 में प्रविष्ठ होने के लिए परीक्षा 2024 की पुनर्मूल्यांकन की अंकतालिका की प्रति पुनर्मूल्यांकन पत्र की छाया प्रति सहित, प्रार्थना पत्र पूरक परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। यदि छात्र अपनी पुनर्मूल्यांकन परिणाम की फोटो प्रति के साथ आवेदन नहीं करते हैं तो छात्रों का परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र का होगा। इन अभ्यर्थियों को पूरक परीक्षा हेतु छपे हुये (pre printed) आवेदन पत्र मैनुअली (ऑफलाईन प्रक्रिया से) विश्वविद्यालय कार्यालय में उपस्थित होकर भरने होंगे।

(4) पूरक परीक्षा 2025 के ऑनलाईन आवेदन पत्र भरना प्रारंभ होने की तिथि से पूर्व जिन अभ्यर्थियों का पुनर्मूल्यांकन 2025 का परीक्षा परिणाम पूरक घोषित होता है तो वे पूरक परीक्षा हेतु योग्य होंगे, ऐसे अभ्यर्थी भी ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

(5) वे अभ्यर्थी जिनका पुनर्मूल्यांकन 2025 का परिणाम पूरक परीक्षा 2025 के ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ करने की तिथि के पश्चात् आया है ऐसे अभ्यर्थी पूरक परीक्षा 2025 प्रारंभ होने से पूर्व व्यक्तिशः विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग में सम्पर्क कर अपना पूरक परीक्षा 2025 हेतु मेनुअली (ऑफलाईन प्रक्रिया से) फॉर्म भर कर रजिस्ट्रेशन करवाकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

(6) सम्बद्ध महाविद्यालयों के सभी प्राचार्यो को इस विज्ञप्ति के माध्यम से यह भी सूचित किया जाता है कि यदि निश्चित दिनांक तक फार्म विश्वविद्यालय में प्रेषित नहीं किए जाते हैं या पात्रता नहीं होने पर भी परीक्षा फार्म प्रेषित किये जाते हैं तथा उन्हें परीक्षा में प्रविष्ठ करवा दिया जाता है तो समस्त जिम्मेदारी प्राचार्य एवं छात्र की होगी। निर्धारित दिनांक के बाद भेजे गये परीक्षा फार्मो के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(7) ऐसे अभ्यर्थी जिनके केवल कम्पलसरी पेपर ड्यू रह गये हैं वे अभ्यर्थी भी केवल कम्पलसरी पेपर हेतु आवेदन कर सकते हैं।

**-sd-**
**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक एफ 10(02)/पूरक परीक्षा/मदसविवि/2025/27573–28092 दिनांक : 09.10.2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है–

1. महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के क्षेत्राधिकार में स्थित एवं सम्बद्धता प्राप्त समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो को विज्ञप्ति की प्रति भेजकर अनुरोध है कि **कृपया उक्त परीक्षा के सभी आवेदन पत्रों की छपी हुई प्रति (Hard copy) निर्धारित दिनांक तक आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय में संदेशवाहक के साथ भिजवाने की व्यवस्था करें। यदि आवेदन पत्र उपरोक्त वर्णित निर्धारित दिनांक के बाद संदेशवाहक के द्वारा भेजे जाते हैं तो कोई यात्रा भत्ता विश्वविद्यालय द्वारा देय नहीं होगा।**
2. परीक्षा नियंत्रक/वित्त नियंत्रक/समस्त उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव/सहायक कुलसचिव परीक्षा(पी.जी.)/समस्त अ.अ./नि.स. कुलसचिव, मदसविवि, अजमेर।
3. उपकुलसचिव वित्त एवं लेखा को भेजकर लेख है कि उक्त तिथि अनुसार ई–मित्र के माध्यम से शुल्क जमा कराने की व्यवस्था करावें।
4. नोडल अधिकारी, परीक्षा–2024, मदसविवि, अजमेर/ए.सी.पी., प्रभारी ऑनलाईन सेन्टर, मदसविवि, अजमेर को भेजकर लेख है कि यह विज्ञप्ति विश्वविद्यालय की परीक्षा की वैबसाईट पर प्रकाशित करवाना सुनिश्चित करें।
5. निजी सचिव, कुलपति, मदसविवि, अजमेर/प्रोग्रामर, ऑन लाईन केन्द्र, मदसविवि, अजमेर।
6. e-mitra कार्यालय, DOI T&C, योजना भवन, तिलक मार्ग, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त तिथियों के अनुसार आवेदन पत्र भरने व शुल्क जमा कराने की व्यवस्था करावें
7. अनुभागाधिकारी परीक्षा (स्नातक कला,विज्ञान एवं वाणिज्य) एवं अनुभागाधिकारी (परीक्षा प्रोफेशनल) को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित तिथियों के अनुसार सम्बन्धित महाविद्यालयों से सम्पर्क करें तथा फार्म मंगवाने हेतु सूचित करें।
8. कम्प्यूटर फर्म को भेजकर लेख है कि पूरक परीक्षा 2025 के ऑन लाईन आवेदन पत्र उपरोक्त समय सारिणी के अनुसार भरवाने हेतु तथा वाछिंत सामग्री छापकर विश्वविद्यालय भेजने हेतु आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें। विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की परीक्षा वैबसाईट पर भी प्रदर्शित करने का श्रम करें

**-sd-**

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**